लहराया श्री राम का भगवा सारे हिंदुस्तान में

झुक गए सारे बड़े बड़े श्री राम लला की शान में,
लहराया श्री राम का भगवा सारे हिंदुस्तान में।

राम लला के राजतिलक से खिली अयोध्या सारी है,
राम तुम्हारे दर्शन को बैचेन ये दुनिया सारी है
सजी अयोध्या गली गली श्री राम के सम्मान में,
लहराया श्री राम का भगवा सारे हिंदुस्तान में

इस भगवा से खुशबू आए राम तुम्हारे भक्ति की,
इस भगवा में यादें है हनुमान तुम्हारी शक्ति की,
हर दर से लेकर हर घर तक चर्चा यही जहां में,
लहराया श्री राम का भगवा सारे हिंदुस्तान में

रुका हुआ था जो बरसों से आज वो पूरा काज हुआ,
हार गए है पापी सारे राम आपका राज हुआ,
हिंदू राष्ट्र अब मांग रहा हैं आपसे वरदान में,
लहराया श्री राम का भगवा सारे हिंदुस्तान में

झुक गए सारे बड़े बड़े श्री राम लला की शान में,
लहराया श्री राम का भगवा सारे हिंदुस्तान में।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33283/title/lahraya-shri-Ram-ka-bhagwa-sare-Hindustan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |